दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 11 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होने तक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने का फैसला किया।

02. पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा – नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के बैघनाथधाम के बीच हाई स्पीड ग्रीन फील्ड कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है।

03. उच्चतम न्यायालय ने देश में लापता बच्चों की बढ़ती संख्या पर केन्द्र सरकार से जवाब मांगा। राज्यों से आंकड़े संकलित कर विश्लेषण के दिये निर्देश।

04. और, प्रदेश में मेडल लाओं नौकरी पाओं योजना के तहत इक्कीस से चौबीस फरवरी तक उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होने तक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। इससे पहले विपक्षी दलों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय में महासचिव को सौंपा। नोटिस पर कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, आरजेडी और वामपंथी दलों सहित विपक्षी दलों के एक सौ अठारह सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। लोकसभा सूत्रों ने बताया कि नोटिस की जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। नोटिस पर सदन में नौ मार्च को चर्चा हो सकती है। विपक्ष के सदस्यों ने नोटिस में अध्यक्ष पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष को नहीं बोलने देने और आठ सदस्यों को पूरे बजट सत्र के लिए मनमाने ढंग से निलंबित करने का आरोप लगाया है।

---

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी सांसदों पर लोकसभा की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया है। श्री रिजिजू ने कहा कि पिछले सप्ताह कांग्रेस की महिला सांसदों का सदन में प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंच जाना शर्मनाक कृत्य है।

–––बाईट–––

हम लोग कल भी कांग्रेस वाले से हाथ जोड़कर मैंने कहा है कि बजट का डिस्कशन शुरू हो चुका है, नाम भी पुकारा है, शशि थरूर जी का नाम पुकार चुका है, वो अपना बजट स्पीच को शुरू करने से, सारा सदस्य

अलग–अलग पार्टी के जितने मेम्बर्स सब अपना नाम दे चुके हैं। कांग्रेस ही अपनी बात शुरू नहीं करती है। हर दिन इस तरह वेल में आ करके हंगामा खड़ा करते हैं।

---

संसद के दोनों सदनों में आज भी केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस पर चर्चा जारी रहेगी। इससे पहले कल सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत ने लोकसभा में केन्द्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि यह बजट जनहित के कार्यों को संभव बनायेगा। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र से रेलवे संपर्क बढ़ाने के लिए नई रेल चलाने की मांग की है। साथ ही कोसी नदी पर एक पुल निर्माण की भी मांग रखी।

–––बाइट––––

इधर, लोकसभा में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने चर्चा की शुरुआत करते हुये बजट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकारी खर्च में कमी आई है और कर संग्रह स्थिर बना हुआ हैं। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना– यूबीटी के अनिल देसाई, सहित अन्य दलों के सांसदों ने भी सदन में अपने विचार व्यक्त किये।

---

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के बैघनाथधाम के बीच हाई स्पीड ग्रीन फिल्ड कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव केन्द्र से स्वीकृति के लिए भेजा गया है। विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए विभागीय बजट पेश करने के दौरान उन्होंने यह जानकारी दी।

–––बाईट–––

श्री जायसवाल ने विभाग के लिए बयासी अरब साठ करोड़ सोलह लाख रूपये की सकल बजट की अनुमति मांगी है।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश में नई चीनी मिले स्थापित करने के लिए पच्चीस जिलों को चिन्हित किया है। पटना, गया, भोजपुर, बक्सर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया और भागलपुर समेत अन्य संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से स्थल चयन करने को कहा गया है। गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने बताया कि दरभंगा जिले के रैयाम और मधुबनी जिले के सकरी में चीनी मिल की स्थापना सहकारिता विभाग के माध्यम से की जायेगी। पटना में संवाददाताओं से

बातचीत में उन्होंने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार करने के लिए विभाग ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्यों में लगाई जायेगी। विधान परिषद में एक गैर सरकारी संकल्प प्रस्ताव का जबाव देते हुए श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों की ड्यूटी आपदा सहायता, चुनाव और जनगणना कार्यों के अलावा किसी गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को यदि कहीं कोई समस्या हो तो विभागीय पोर्टल या व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर शिकायत की जा सकती है।

---

राज्य सरकार ने केन्द्र से धान खरीद की सीमा बढ़ाकर पचासी लाख मीट्रिक टन करने की मांग की है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि अभी छत्तीस लाख चौरासी हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने केन्द्र सरकार से धान खरीद की तिथि बढ़ाने की भी मांग की। गौरतलब है कि धान खरीद की अंतिम तिथि अट्ठाईस फरवरी निर्धारित है।

---

उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार से देश में लापता बच्चों की बढ़ती संख्या पर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरतना और न्यायामूर्ति उज्ज्वल भुईया की पीठ ने केन्द्र को सभी राज्यों से इस संबंध में आंकड़े संकलित कर उनका विशलेषण करने को कहा है। पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन घटनाओं के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं।

हाजीपुर सदर अस्पताल में नवजात शिशु की अदला–बदली मामले में दो कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है। वहीं, तीन डॉक्टरों सहित पांच कर्मियों का तबादला किया गया है। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर तीन स्तरीय जांच समिति के रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है।

---

प्रदेश में मेडल लाओं नौकरी पाओं योजना के तहत इक्कीस से चौबीस फरवरी तक उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि इसके तहत पहली सूची की समीक्षा के बाद नौ खेलो से छब्बीस खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

–––बाइट–––

इधर, ओडिशा के भुवनेश्वर में खेली जा रही एक दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार ने मेघालय को एक सौ तैंतीस रनों के अंतर से पराजित कर दिया। बिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पचास ओवर में नौ विकेट पर दो सौ सैंतीस रन बनाये। जवाब में मेघालय की टीम निर्धारित ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर मात्र सौ रन ही बना सकीं।

---

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आज पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना अफगानिस्तान से होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद में सुबह ग्यारह बजे से खेला जायेगा। वहीं, कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का सामना आयरलैंड से दोपहर तीन बजे होगा जबकि शाम सात बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज आमने–सामने होंगे।

---

देशभर के सीबीएससी स्कूलों में मैथिली विषय की पढ़ाई शुरू होगी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा में वैकल्पिक विषय के रूप में मैथिली विषय की पढ़ाई अगले साल से शुरू होगी। इसके लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहले से ही मैथिली सहित कई अन्य मातृ भाषाओं में पढ़ाई की व्यवस्था है।

---

विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी समाचार अपनी पॉडकास्ट श्रृंखला– **कहानी के पीछे का व्यक्ति** के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। इसके अन्तर्गत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद– सी.एस.आई.आर. की पहली महिला महानिदेशक डॉक्टर एन. कलाइसेल्वी के साथ भेंटवार्ता प्रसारित होगी। पॉडकास्ट आज सुबह नौ बजकर दस मिनट पर आकाशवाणी एफएम गोल्ड पर प्रसारित किया जाएगा। इसका पुनः प्रसारण आज शाम पांच बजकर दस मिनट पर भी होगा।

---

अररयि जिले के जोकीहाट प्रखंड अंतर्गत बगडहरा उत्क्रमित हाई स्कूल में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए दी जाने वाली एचपीवी वैक्सीन लगने के बाद आधा दर्जन छात्राएं बेहोश हो गईं। स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर रहा है।

---

रोहतास जिले के डेहरी–बिक्रमगंज मार्ग स्थित काराकाट मुख्य बाजार में एक टेंपो और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में ऑटो सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

कटिहार जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या गंज बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर नौसादर टैबलेट के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। किराना दुकान से बहत्तर बोरी नौसादर टैबलेट बरामद किया है। मामले में दो कारोबारियों को हिरासत में लिया गया है।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सुबह और शाम के समय ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हंगामे पर सदन से निकाले गये विपक्ष के विधान पार्षद। अखबार लिखता है –तीखी नोकझोंक के बाद सभापति ने मार्शल को दिया आदेश।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्य में एक हजार सात सौ नौ कौशल विकास केन्द्रों की होगी जांच, प्रशिक्षण में गुणवत्ता से समझौता नहीं।

दैनिक भास्कर रेंट एग्रीमेंट और निबंधित लीज से जुड़ी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– रेंट एग्रीमेंट की फीस आधी होगी, दस लाख किरायदारों को फायदा होगा।

प्रभात खबर का शीर्षक है– चांदी का भाव साढ़े सात हजार रूपये गिरा तो सोने का भाव बाईस सौ रूपये चढ़ा।

आज अखबार अपने खेल पन्नों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के लिए भारत को हराना आसान नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होने तक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने का फैसला किया।

02. पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा – नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के बैघनाथधाम के बीच हाई स्पीड ग्रीन फील्ड कॉरिडोर निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है।

03. उच्चतम न्यायालय ने देश में लापता बच्चों की बढ़ती संख्या पर केन्द्र सरकार से जवाब मांगा। राज्यों से आंकड़े संकलित कर विश्लेषण के दिये निर्देश।

04. और, प्रदेश में मेडल लाओं नौकरी पाओं योजना के तहत इक्कीस से चौबीस फरवरी तक उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।